छत्तीसगढ़ की टीम को मिला सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक पोस्टर का पुरस्कार

चर्चा में क्यों?

1 फरवरी, 2023 को सिकंदराबाद के केआईएमएस अस्पताल में आयोजित एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में रायपुर के डॉ. भीमराव अंबेडकर मेमोरियल मेडिकल कॉलेज अस्पताल के कान, नाक और गला (ईएनटी) विभाग की टीम को 'सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक पोस्टर प्रस्तुति पुरस्कार' मिला।

प्रमुख बिंदु

- डॉ. भीमराव अंबेडकर मेमोरियल मेडिकल कॉलेज अस्पताल के विभागाध्यक्ष डॉ. हंसा बंजारा ने बताया कि ईएनटी विभाग के ऑडियोलॉजिस्ट और स्पीच पैथोलॉजिस्ट की टीम ने माता-पिता द्वारा प्रत्यारोपण की देखभाल पर एक पोस्टर प्रस्तुत दी।
- वैज्ञानिक पोस्टर मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत संचालित कॉक्लियर इम्प्लांट स्वास्थ्य सहायता **(Cochlear implant health assistance)** पर आधारित था।
- सम्मेलन का आयोजन तेलंगाना ऑडियोलॉजिस्ट एंड स्पीच लैंग्वेज पैथोलॉजिस्ट एसोसिएशन **(TASLPA)** और इंटरनेशनल सिंपोजियम ऑफ ऑडियोलॉजिकल मेडिसिन **(ISAM)** द्वारा किया गया था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/the-team-from-chhattisgarh-got-the-award-for-the-best-scientific-poster